# टाइगर नागेश्वर राव का धमाकेदार ट्रेलर हुआ रिलीज, फुल ऑन एक्शन अवतार में नजर आए रवि तेजा




रवि तेजा ने कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित कमर्शियली सक्सेसफुल फिल्म इडियट, श्रावणी सुब्रमण्यम के साथ-साथ इडियट, वेंकी, ना ऑटोग्राफ और इडियट जैसी कई अन्य फिल्में शामिल हैं. हाल ही में एक्टर ने चिरंजीवी के साथ एक और हिट फिल्म द वाल्टेयर वीरय्या दी थी. वहीं अब रवि तेजा टाइगर नागेश्वर राव में स्टुअर्टपुरम के सबसे बड़े चोर के रूप में पूरे भारत के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं. फिल्म में अनुपम खेर, नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, जिशु सेनगुप्ता और मुरली शर्मा ने भी अहम रोल प्ले किया है.

टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए रवि तेजा पहली बार मुंबई आए हैं और आज फाइनली इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है.कुल्हाड़ी से सिर काटने से लेकर लोगों पर यातना देने वाले तरीकों का इस्तेमाल करने तक, वामसी के निर्देशन की यह झलक इस बात की पुष्टि करती है कि फिल्म एक्शन पैक्ड होने वाली है. कहानी दर्शकों को यह भी दिखाएगी कि एक क्रूर अपराधी नागेश्वर राव ने अपने नाम के आगे टाइगर शब्द क्यों लगाया. टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर पांच अलग-अलग भाषाओं में रिलीज किया गया है.

ट्रेलर में स्टुअर्टपुरम नाम की अंधेरी दुनिया दिखाई जाती है जहां अच्छाई का कोई अस्तित्व नहीं है. ट्रेलर वास्तव में स्टुअर्टपुरम नागेश्वर राव के कैरेक्टर को दर्शाता है, जिनकी चलती ट्रेनों में चोरी करने की अपनी शैली है. इसके बाद रवि तेजा की आवाज आती है जो कहते हैं पुलिसवाले ध्यान दें काकिनाडा से मद्रास जाने वाली सरकार एक्सप्रेस में रास्ते में बड़ी चोरी होगी. उधर से पुलिस वाला कहता है कौन है तू. इसके बाद रवि तेजा की आवाज आती है मारने से पहले लूट से पहले वॉर्निंग देना शौक है. इसके बाद अनुपम खेर की एंट्री होती है जो कहते हैं 25 सालों में इतना सारा क्राइम लिटरेचर लिख दिया. ट्रेलर में नुपुर सेन और रवि तेजा के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री दिखाई गई है. ओवरऑल फिल्म का ट्रेलर दमदार है. ये फिल्म 70 के दशक के बैकड्रॉप पर बेस्ड है. वामसी द्वारा निर्देशित, टाइगर नागेश्वर राव को अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स के बैनर तले अभिषेक अग्रवाल द्वारा प्रोड्यूस किया गया है. ये फिल्म मयंक सिंघानिया और अर्चना अग्रवाल द्वारा को प्रोड्यूस किया गया है. रवि तेजा स्टारर ये पैन-इंडियन फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## सामी सामी पर छोटी बच्चियों का डांस परफॉर्म देख झूम उठीं रश्मिका मंदाना, कहा- सो क्यूट

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने फैंस के पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर हिट पुष्पा द राइज के हिट ट्रैक सामी सामी पर डांस करते हुए एक वीडियो पर रिएक्ट किया।



वीडियो देखने के बाद एक्ट्रेस ने कहा- सो क्यूट।

वीडियो में छोटी लड़कियां पूरे जोश के साथ सामी सामी पर डांस करती नजर आ रही हैं।

इस वीडियो को कई सोशल मीडिया यूजर्स ने शेयर किया हुआ है और फैशन डिवाज लिस्ट में एक और प्यारी जोड़ी शामिल हो गई। पुष्पा सॉन्ग का क्रेज इतनी जल्द रुकने वाला नहीं है।

सामी सामी पॉपुलर ट्रैक बन गया है और ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिसमें नेटिजन्स इस ट्रैक पर डांस कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका मंदाना, रणबीर कपूर के साथ बहुप्रतीक्षित एनिमल में दिखाई देंगी। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में एक्ट्रेस ने जमकर तारीफें बटोरीं। इसके अलावा, वह फिल्म पुष्पा 2 द रूल में भी एक्टिंग करती नजर आएंगी।

साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स (एसआईआईएमए) विजेता पुष्पा 2 और एनिमल के अलावा रेनबो, डी51 और अन्य फिल्मों में भी दिखाई देंगी।

## जवान के बाद नयनतारा इस फिल्म में नजर आएंगी, मोशन पोस्टर जारी



साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा को आजकल शाहरुख खान की फिल्म जवान में देखा जा रहा है। फिल्म ने दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है तो वहीं भारत में इसकी कमाई 600 करोड़ रुपये में शामिल हो गई है। जवान की सफलता के जश्न के बीच नयनतारा ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम मन्नानगट्टी है। निर्माताओं ने फिल्म का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया है।

प्रिंस पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मन्नानगट्टी का मोशन पोस्टर जारी किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पेश है लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनीत मन्नानगट्टी का फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर मन्नानगट्टी का निर्देशन ड्यूड विक्की द्वारा किया जा रहा है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। फिल्म मन्नानगट्टी की कहानी 1960 के दशक पर आधारित होगी, जिसकी शूटिंग जल्द शुरू होगी इसमें योगी बाबू, देवदर्शिनी, गौरी किशन और नरेंद्र प्रसाद जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।





